प्रेषक,

निदेशक,
राज्य पोषण मिशन,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

पत्रांक C–1154/रा0पो0मि0/पो0अभि0/2021–22 दिनॉक 09 मार्च, 2022

विषयः दिनॉक 21 मार्च से 27 मार्च 2022 तक **"स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा" कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक राज्य पोषण मिशन उ0प्र0 के पत्र संख्या सी–926 दिनॉक 15 दिसम्बर 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा दिनॉक 8 से 14 जनवरी 2022 के मध्य **"स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा"** के आयोजन के सम्बन्ध में भारत सरकार के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या PA/228/2021-CPMU-Part(1) दिनॉक 10 दिसम्बर 2021 एवं अर्द्धशासकीय पत्र संख्या PA/228/2021-CPMU-Part(1) दिनॉक 14 दिसम्बर 2021 के कम में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये थे, जिसे भारत सरकार द्वारा अपने पत्र संख्या D.O No. PA/283/2021-CPMU-PART(1) दिनॉक 30.12.2021 द्वारा कोविड–19 के दृष्टिगत स्थागित कर दिया गया था।

अवगत कराना है कि सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के पत्र संख्या PA/228/2021-CPMU-Part(2) दिनॉक 04.03.2022(संलग्न) द्वारा 0–6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों में "Healthy Child" को **celebrate** करने के लिए प्रदेश में दिनॉक 21 से 27 मार्च 2022 के मध्य **"स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा"** के आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत दिशा–निर्देश निर्गत किये गये है। भारत सरकार द्वारा **"स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा"** के अभियान की संकल्पना में लक्ष्य समूह के सभी 13.75 करोड़ बच्चों (लगभग) की ऊंचाई और वजन मापने पर विशेष जोर दिया गया है।

भारत सरकार से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुसार उक्त अभियान में लक्ष्य समूह के लाभार्थियों के वजन व लम्बाई की माप ऑगनबाड़ी केन्द्र के भौगोलिक सीमा में मुख्य रूप से ऑगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा किया जाना है। ऑगनबाड़ी केन्द्र की सीमा के बाहर के लाभार्थियों के वजन व लम्बाई की माह विभिन्न एजेंसियों जैसे एनजीओ, लायंस क्लब, रोटरी क्लब, आवासीय कल्याण संघ, भारतीय चिकित्सा संघ, बाल चिकित्सा संघ, नियोक्ता संघ, स्कूल शिक्षक, युवा क्लब आदि द्वारा लक्ष्य समूह के लाभार्थियों के वजन व लम्बाई की माप किया जाएगा। ऑगनबाड़ी कार्यकत्री के अतिरिक्त उक्त एजेंसियों का पंजीयन जिला प्रशासन द्वारा 07 मार्च 2022 से **"स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा"** हेतु पोषण ट्रैकर पर उपलब्ध ऑनलाइन मॉड्यूल पर किए जाने की व्यवस्था है। (यदि पूर्व से पंजीयन नहीं किया गया है)।